been done of Manbabnagar, Ronga Reddy and Nalgonda District of Andhra Pradesh;

(c) if so, details thereof; and

(d) whether C. G. W. B. has contacted the Government of Andhra Pradesh in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEV ELOPMENT AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P. K. THUNGON): (a) Yes, Sir. The Central Ground Water Board in consultation with the State Governments has provisionally and tentatively reassessed the utilisable ground water resources of the country as 45.23 million hectare metre (m.ha. m). as compared to earlier estimates of 26.7 m.ha.m. worked out in 1972.

(b) and (c) The Grond Water Resources of Andhra Pradesh have been provisionally and tentatively reassesses as 3.34 m. ha.m. as compared to earlier estimate of 2.12 m.ha. m. of 1972. The provisionally and tentatively reassessed ground water resources in respect of Meh-boiobnagar, Ranga Reddy and Nalgonda districts are 0.15, 0.07 and 0.17 m. ha. m. respectively.

(b) Yes, Sir.

मध्य प्रदेश के बाढ़ नियंत्रण योजनाओं के लिये विदेशी वित्तीय सहायता

2250. **श्री अजीत जोगी** : क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी सहायता से शुरु की जाने वाली बाढ़ नियंत्रण संबंधी मध्य प्रदेश सरकार की कोई योजना केन्द्रीय सरकार के पास स्वीकृति हेतु लम्बित पड़ी है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) क्या विदेशी सहायता योजना के अंतर्गत आने वाली नर्मदा तथा चुनाब नदियों संबंधी बाढ़ नियंत्रण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने की कोई मांग है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, नहीं ।

लघु सिंचाई के अंतर्गत लाई गई भूमि

2251. **श्री अजीत जोगी** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 1992 के अंत तक राज्यवार कितनी भूमि लघु-सिंचाई के अंतर्गत लाई गई है ;

(ख) नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार सिंचाई क्षमता कितनी है ;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना में लघु सिंचाई के अंतर्गत अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने के लिये राज्यवार निर्धारित किये गये लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान उक्त प्रयोजन के लिए आबंटित धनराशि का राज्यवार ब्यौरा क्या है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।